माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

WEBSITE : www.mpbse.nic.in & E-mail id : mpbse@mp.nic.in
☎ : कार्यालयः- (0755) 2551650

क्रमांक/3221/परीक्षा समन्वय/2023 भोपाल, दिनांक 13/10/2023

प्रति,

समस्त– प्राचार्य
मण्डल से संबंद्धता प्राप्त शासकीय/अशासकीय संस्थायें,
मध्यप्रदेश।

विषय– सत्र 2023–24 में प्रवेशित कक्षा 9वीं के छात्रों का ऑनलाईन नामांकन आवेदन–पत्र भरने संबंधी।

संदर्भ– मण्डल का आदेश पत्र क्रमांक/3049/प.स./2023 भोपाल, दिनांक 28.06.2023 एवं पत्र क्रमांक/3201/प.स./2023 भोपाल, दिनांक 27.09.2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र दिनांक 28.06.2023 के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2023–2024 के लिये परीक्षा संबंधी मार्गदर्शिका एवं ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने के निर्देश प्रसारित किये गये है। मण्डल द्वारा जारी निर्देश–पुस्तिका के बिन्दु क्रमांक 1.3 से 1.5 तक सत्र 2023–2024 में कक्षा 9वीं में प्रवेशित छात्रों के ऑनलाईन नामांकन आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया का विस्तृत उल्लेख किया गया है।

कक्षा 9वीं के छात्रों का नामांकन आवेदन–पत्र भरते समय छात्र/छात्रा का डाटा समग्र आई.डी. की जानकारी पर आधारित किये जाने के कारण नामांकन आवेदन–पत्र भरते समय विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से तथ्य प्रकाश में आया कि, छात्रों के समग्र आई.डी. में प्रदर्शित हो रही जानकारियां संस्था अभिलेख से भिन्न/त्रुटि पूर्ण होने के कारण छात्रों के नामांकन आवेदन–पत्र भरने में समस्यायें उत्पन्न हो रही है।

कक्षा 9वीं में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के समग्र आई.डी. पर ई–के.वाई.सी. एवं छात्र/छात्राओं के समग्र आई.डी. में मोबाईल ऐप के माध्यम से आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया को सरल करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा पत्र क्रमांक/एफ–14–13/2020/41–2 भोपाल, दिनांक 26.09.2023 द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किये गये है। जारी निर्देशों के उपरान्त भी आज दिनांक तक समग्र आई. डी. की जानकारी में संशोधन करने में आ रही समस्याओं के कारण नामांकन आवेदन–पत्र भरने में अपेक्षित प्रगति नहीं आ सकी है।

अतः इस वर्ष नामांकन हेतु समयाभाव को दृष्टिगत रखते हुये कक्षा 9वीं के नामांकन आवेदन–पत्र भरने के लिये सत्र 2023–2024 के लिए निम्नानुसार व्यवस्था लागू की जाती है–

1– प्रत्येक छात्र का नामांकन आवेदन–पत्र भरते समय संबंधित छात्र की समग्र आई.डी. अंकित करना अनिवार्य होगा।

2– कक्षा 9वीं के छात्र/छात्रा का एम.पी. ऑनलाईन के पोर्टल पर समग्र आई.डी. अंकित करते ही समग्र आई.डी. में दर्ज छात्र/छात्रा की समस्त जानकारियां जैसे छात्र का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि आदि स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी। प्रदर्शित जानकारी सही होने की स्थिति में सीधे नामांकन आवेदन–पत्र भरे जावें तथा समग्र की आई.डी. की जानकारी में भिन्नता होने पर संस्था अभिलेख (स्कॉलर रजिस्टर/टी.सी.) के अनुसार छात्र की जानकारी में सुधार/संशोधन कर नामांकन आवेदन–पत्र भरे जावें।

3— यदि छात्र की समग्र आई.डी. की जानकारी संस्था अभिलेख से भिन्न है तो भिन्न वाले भाग की जानकारी समग्र डाटाबेस में साझा की जायेगी परंतु नामांकन आवेदन—पत्र संशोधित जानकारी के आधार पर ही भरे जायेंगे।

4— कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के नवीन नामांकित हो रहे, परीक्षार्थियों हेतु समग्र आई. डी. अंकित करने पर समग्र डाटाबेस में दर्ज जानकारी जैसे—छात्र का नाम, पिता का नाम, माता का नाम एवं जन्मतिथि आदि नामांकन फार्म में ऑटोफिल होकर प्रर्दशित होगी, उक्त जानकारी में संशोधन की अनुमति होगी परन्तु संशोधन की स्थिति में ''मिसमेच की जानकारी दर्ज की जावेगी''।

5— समग्र आई.डी. में उल्लेखित जन्मतिथि में संशोधन किये जाने की स्थिति में संस्था स्कॉलर—पंजी की प्राचार्य द्वारा प्रमाणित प्रति पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

6— कक्षा 9वीं के छात्रों के नामांकन आवेदन—पत्र भरने की अंतिम तिथि दिनांक 31 अक्टूबर 2023 ही रहेगी।

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक/3222/परीक्षा समन्वय/2023 भोपाल, दिनांक 13/10/2023

प्रतिलिपि—

1— प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग/आदिम जाति/अनु. जाति, कल्याण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2— प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय,वल्लभ भवन, भोपाल।
3— आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल।
4— आयुक्त, आदिवासी विकास, सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल।
5— आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास, श्यामला हिल्स, मध्यप्रदेश, भोपाल।
6— समस्त— जिला कलेक्टर, मध्यप्रदेश।
7— समस्त—संयुक्त संचालक, स्कूल शिक्षा, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश।
8— समस्त— सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश।
9— समस्त—जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश की ओर भेजकर लेख है कि, आपके जिलें में मण्डल से संबंद्धता प्राप्त संस्थाओं में कक्षा 9वीं में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन आवेदन—पत्र निर्धारित अवधि में भरवाना सुनिश्चित करें।
10— पंजीयक परीक्षा/जनसम्पर्क अधि./विधि अधिकारी/चीफ सिस्टम ऑफिसर/वित्ताधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल।
11— आंचलिक अधिकारी/समस्त— संभागीय अधिकारी, आंचलिक/संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
12— समस्त— सहायक सचिव/कक्षाधिकारी, परीक्षा संभाग, मा0शि0 मण्डल, म.प्र. भोपाल।
13— नि.स.—अध्यक्ष/सचिव/अतिरिक्त सचिव/परीक्षा नियंत्रक/उप सचिव मा.शि.म.,मंडल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल